# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27,BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD,
KOLKATA-700019

FOR GOD AND COUNTRY

**HINDI GRAMMAR(2nd term)** **Class**:3 **Date:**30.11.20

**Topic:** अपठित गद्यांश **Worksheet-** 21

---

गोपाल एक निर्धन बालक था |विद्यालय के बाद वह आइसक्रीम बेचा करता था |जो पैसे उसे मिलते , वह अपनी माँ को लाकर देता था | उसकी माँ उसे हमेशा ईमानदारी से जीवन निर्वाह करने की सीख देती थी |गोपाल माँ की बातें बहुत ध्यान से सुनता था | उसे अपनी मेहनत और माँ की बातों पर विश्वास था |गोपाल चाहता था कि वह पढ़ लिखकर बहुत बड़ा अफसर बने और अपने देश का गौरव बढ़ाए | गोपाल की बातें सुनकर उसकी दादी उसका माथा चूम लेती थी | कभी - कभी वह किसी लंबी चीज़ जैसे लकड़ी या चिमटे को कंधे पर रखकर इस प्रकार चलता था , मानो बंदूक को कंधे पर रखकर चला रहा हो |चलते - चलते वह देश - प्रेम के गीत गाता और नारे भी लगाता था |

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो :-

1) गोपाल विद्यालय के बाद क्या करता था ?
2) गोपाल की माँ उसे क्या सीख देती थी ?
3) गोपाल को किस पर विश्वास था ?
4) गोपाल क्या बनाना चाहता था ?
5) गोपाल की बातें सुनकर उसकी दादी क्या करती ?
6) कभी - कभी गोपाल क्या करता था ?
7) चलते - चलते वह क्या करता था ?
8) ' निर्धन ' शब्द का अर्थ बताओ |

   खाली जगह भरो :

9) विद्यालय के बाद वह ______________ बेचा करता था |
10) गोपाल माँ की बातें बहुत ___________ से सुनता था |
11) विश्वास का विलोम बताओ |
12) एक संज्ञा शब्द लिखो |
13) लकड़ी का बहुवचन लिखो |
14)' गौरव ' से विशेषण बनाओ |
15) वाक्य बनाओ :- देश प्रेम

Poonam Mehra